RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 232
हिसार | सोमवार, 20 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए |पृष्ठ ६

## इंफाल एयरपोर्ट के पास यूएफओ की खबर के बाद वायु सेना ने उतारे 2 राफेल विमान

**पाठकपक्ष न्यूज, नई दिल्ली, 20 नवम्बर :** मणिपुर में इम्फाल हवाई अड्डे के पास एक 'अज्ञात उड़ने वाली वस्तु' (यूएफओ) देखे जाने की जानकारी मिलने के बाद भारतीय वायु सेना ने दो राफेल लड़ाकू विमानों को आसमान में उतार दिया। हासीमारा एयर बेस से लॉन्च किए गए राफेल को कुछ भी पता नहीं चल सका। पहला विमान बेस पर लौट आया और दूसरे को फिर से जांच करने के लिए क्षेत्र की ओर तैनात किया गया, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। भारतीय वायु सेना की पूर्वी कमान ने कहा कि उसने अपने वायु रक्षा प्रतिक्रिया तंत्र को अलर्ट कर दिया है। आईएएफ ने इंफाल हवाई अड्डे से दृश्य इनपुट के आधार पर अपने वायु रक्षा प्रतिक्रिया तंत्र को सक्रिय किया। इसके बाद छोटी वस्तु नहीं देखी गई।




## 1588 संपत्ति मालिकों को विकास शुल्क लौटाएंगी नगर पालिकाएं

### गलत गणना के कारण संपत्ति धारकों से लिया गया था विकास शुल्क, मामला संज्ञान में आने पर सरकार ने लिया निर्णय

**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 20 नवम्बर :** हरियाणा सरकार ने उन संपत्ति मालिकों को विकास शुल्क लौटाने का फैसला लिया है जिनकी संपत्तियों पर विकास शुल्क लागू नहीं होता लेकिन उन्होंने इसे अदा कर दिया था। सरकार ने यह निर्णय मामला संज्ञान में आने पर लिया है। इस फैसले से 1588 संपत्तियों के मालिकों को यह शुल्क वापिस मिलेगा। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि विभाग ने लगभग 1588 संपत्तियों की पहचान की है जहां संपत्ति मालिकों ने एचएसवीपी, एचएसआईआईडीसी, लाइसेंस कॉलोनियों, सीएलयू प्राप्त संपत्तियों, लाल-डोरा आवासीय संपत्तियों एवं कृषि संपत्तियों में विकास शुल्क अदा कर दिया था। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा संबंधित नगर पालिकाओं को ऐसी संपत्तियों का विवरण उपलब्ध करवा दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि इन संपत्ति धारकों को एसएमएस के माध्यम से भी सूचना दी गई है कि वे इस संदर्भ में निर्धारित प्रावधानों के तहत एनडीसी पोर्टल पर आवेदन करके अदा की गई विकास शुल्क की राशि को वापस प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार के संपत्ति धारकों को कुल 5 करोड़ 19 लाख रुपए की राशि वापस की जा रही है। उन्होंने संपत्ति मालिकों से आग्रह किया कि वे https://ulbhryndc.org पर जाकर अपना सम्बन्धित विवरण उपलब्ध करवाएं ताकि इस बारे में विभाग द्वारा आगामी कार्यवाही की जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि अब तक 51 संपत्ति धारकों ने अपने आवेदन एनडीसी पोर्टल पर किए हैं। जल्द इन आवेदनों को प्रोसेस किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित कर्मचारियों को भी इसे लेकर ट्रेनिंग दी जा चुकी है ताकि वे जल्द से जल्द संपत्ति धारकों को विकास शुल्क लौटाने का प्रोसेस पूरा कर सकें।

## हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (एचईआरसी) के अध्यक्ष के चयन को लेकर हुई बैठक, 30 आवेदन आए

### एक रिपोर्ट बनाकर सरकार को दी जाएगी इसके बाद सरकार अध्यक्ष पद पर फैसला करेगी : संजीव कौशल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 20 नवम्बर :** हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (एचईआरसी) के अध्यक्ष के चयन को लेकर आज एक बैठक हुई। इस बैठक में रिटायर्ड जस्टिस एचएस भल्ला और मुख्य सचिव संजीव कौशल समेत तमाम सदस्य शामिल रहे। एचईआरसी के अध्यक्ष पद के लिए करीबन 30 आवेदन आए थे। बैठक के बाद मुख्य सचिव संजीव कौशल ने जानकारी दी कि एचईआरसी के अध्यक्ष पद को लेकर आज एक बैठक हुई है और करीबन 30 नाम आए हैं उन पर चर्चा हुई है। इसकी एक रिपोर्ट बनाकर सरकार को दी जाएगी इसके बाद सरकार अध्यक्ष पद पर फैसला करेगी। पराली के बढ़ते मामलों पर मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि हर साल धान कटाई के सीजन में प्रदूषण बढ़ जाता है जिसके चलते दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में प्रदूषण होता है। प्रदूषण से हरियाणा के बाकी इलाके भी प्रभावित हैं। प्रदूषण में पराली जलने का 6 से 7 प्रतिशत की भागीदारी होती है बाकी प्रदूषण वाहनों, निर्माण क्षेत्र आदि से होता है। हरियाणा सरकार किसानों को पराली नहीं जलाने को लेकर प्रेरित कर रही है। संजीव कौशल ने कहा कि किसानों के लिए अच्छी नीतियां बनाई जा रही है। हरियाणा सरकार ने किसानों को पराली नहीं जलाने रोकने के लिए 600 करोड रुपए का अनुदान दिया है। किसानों को प्रति एकड़ 1 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की जाती है। पराली से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार फसल भी विधिकरण की तरफ जोर दे रही है। संजीव कौशल ने कहा कि साल 2020 में सरकार ने मेरा पानी मेरी विरासत योजना शुरू की थी। इसका मकसद किसानों को धान की बजाय अन्य फसल में पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। धान की जगह अन्य फसल लगाने वाले किसानों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाता है इस योजना की अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। मेरा पानी मेरी विरासत योजना का मकसद पानी की खपत को काम करना है। पराली को जलने से रोकने के लिए सभी जिला उपायुक्त, कृषि विभाग के अधिकारी और पुलिस अधीक्षक मेहनत कर रहे हैं। श्री कौशल ने कहा कि हरियाणा के कुछ जिलों को छोड़ दिया जाए तो लगभग धान आवक का काम पूरा हो चुका है। फतेहाबाद, कैथल रोहतक आदि जिलों में धान की बिजाई देरी से हुई थी। जिसके चलते पराली जलाने के मामले सामने आ रहे हैं। केंद्र सरकार की हरियाणा में पराली जलने से रोकने को लेकर पूरी मदद कर रही है केंद्र सरकार से जो भी मदद मांगी जाती है वह मिलती है। आईसीएआर की मदद से हरियाणा में पराली निपटा को लेकर बायो प्रोजेक्ट्स के ऊपर काम चल रहा है।




## भाजपा-जजपा गठबंधन रहेगा या नहीं यह हाईकमान तय करेगा : नायब सैनी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 20 नवम्बर :** पंचकूला में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का सेक्टर-7 स्थित हरियाणा भाजपा प्रवक्ता रंजीता मेहता के निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत में नायब सैनी ने कहा कि भाजपा का जननायक जनता पार्टी से गठबंधन चुनाव के बाद हुआ था। आगे जो भी होगा, वह हाईकमान द्वारा तय किया जाएगा। नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। पंचकूला विधानसभा और अंबाला लोकसभा क्षेत्र में महिलाओं को आरक्षण देने के सवाल पर नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही महिलाओं का सम्मान किया और 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मिसाल कायम की है। इस आरक्षण को लागू किया और हम महिलाओं को उनकी बनती हिस्सेदारी देने में विश्वास रखते हैं। पूर्व सीएम हुड्डा के चार डिप्टी सीएम बनाने के बयान पर सैनी ने कहा कि वे जनता को भ्रमित कर रहे हैं। संविधान के हिसाब से आठ से ज्यादा मंत्री नहीं बन सकते। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी को पगड़ी बांधी और गद्दा भेंट किया।







## बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 22 नवम्बर को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 22 नवम्बर को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। एक लाख से तीन लाख तक की राशि के मामलों की सुनवाई हिसार जोन स्तर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष के रूप में श्री रजनीश गर्ग करेंगे। जिसमें मुख्यतः गलत बिलिंग (1 लाख से 3 लाख तक की राशि), वोल्टेज सम्बन्धित, बिजली आपूर्ति में बाधाएं, खराब मीटर को बदलने में देरी इत्यादि शामिल हैं।









# सम्पादकीय..........

## डीपफेक की सतत निगरानी की जरूरत

बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बौद्धिकता (एआइ) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित करने पर जोर दिया है। यह तकनीक व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और स्वायत्तता को चुनौती ही नहीं है, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरे खड़े कर सकती है। देश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। पहले डीपफेक का ज्यादातर इस्तेमाल पोर्नोग्राफी वीडियो और तस्वीरें बनाने में होता था। एआइ फर्म डीपट्रेस ने 2019 में इंटरनेट पर 15 हजार डीपफेक वीडियो का पता लगाया था। इनमें से 96 फीसदी पोर्नोग्राफी से जुड़े थे। डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग रोकने और फर्जी वीडियो की पहचान के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी विकसित करने की जरूरत है। चिंता की बात है कि सोशल मीडिया मंचों और टेक कंपनियों ने डीपफेक वीडियो पर अंकुश के लिए कोई बड़ी पहल नहीं की है। भारत सरकार इस मुद्दे पर सोशल मीडिया मंचों से चर्चा की तैयारी कर रही है। इससे पहले सोशल मीडिया कंपनियों को गलत सूचनाओं, डीपफेक, अन्य अवांछित सामग्री की पहचान कर 36 घंटे के अंदर उन्हें हटाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। कई देशों की सरकारें डीपफेक के नियमन की तैयारी में हैं। कुछ अमरीकी राज्यों में बगैर सहमति डीपफेक बनाने को अपराध घोषित किया जा चुका है। यूरोपीय देशों में भी कानून बनाने की तैयारी चल रही है। सिर्फ कानून बनाने से समस्या से पार पाना संदिग्ध है। जरूरत ऐसे तंत्र की है, जो डीपफेक की सतत निगरानी रख अवांछित सामग्री फैलाने के सभी रास्ते बंद रखे।

# महंगे चढ़ावों से नहीं, भगवान तो भाव से प्रसन्न होते हैं

**अध्यात्म**

यदि आप कभी किसी पवित्र मंदिर में गए हैं, तो आपने देखा होगा कि लोग अपने दान और प्रसाद को बहुत गर्व के साथ बताते हैं। ऐसा लगता है जैसे कि उनकी भेंट कोई रिश्वत है जो उन्हें भगवान के साथ मिलाने का वादा करती है। जैसे कि प्रसाद जितना मोटा होगा, उनकी भक्ति उतनी ही बेहतर होगी। तो सवाल है कि कितना और क्या बेहतर है और क्या यह उस तक पहुंचता है?

भगवद्गीता के अध्याय 16, श्लोक 21 में भगवान कृष्ण कहते हैं, **'पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति। तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः।'** यानी यदि कोई भक्तिपूर्वक मुझे एक पत्ता, एक फूल, एक फल या यहां तक कि जल भी अर्पित करता है, तो मैं शुद्ध चेतना में अपने भक्त द्वारा प्रेमपूर्वक अर्पित किए गए उस उपहार को आनंदपूर्वक स्वीकार करता हूं। भगवान कृष्ण कहते हैं कि प्रेम से दिया गया कोई भी दान भगवान खुशी-खुशी स्वीकार करते हैं। सुदामा की दूसरी बार भेंट कृष्ण के प्रति प्रेम से भरी हुई थी। भगवान कृष्ण ने कोई हैसियत या गरीबी नहीं देखी। उन्होंने जो देखा, वह सुदामा का हृदय था।

भगवान कृष्ण और ब्रजवासियों की और भी दिलचस्प कहानी है। ब्रजवासी अपने गोविंदा को प्यार से तैयार की गई मिठाइयां खिलाना चाहते थे, लेकिन उनके और कृष्ण के बीच एक नदी बाधा थी। यहां एक व्यास उनकी मिठाई खा जाते हैं। जैसे ही वह मिठाई खाते हैं, ब्रजवासी चिंता और क्रोध में पड़ जाते हैं कि अब उनका चढ़ावा उनके आराध्य को कैसे चढ़ाया जाएगा। तब व्यास कहते हैं, 'अगर मैंने मिठाई का एक टुकड़ा भी खाया है, तो नदी इन्हें रास्ता न दे।' पर नदी दो भागों में बंट कर ब्रजवासियों को उस पार जाने का रास्ता दे देती है। जिस क्षण वह अपने भगवान के पास पहुंचते हैं, कृष्ण कहते हैं, मेरा पेट भरा हुआ है, कुछ क्षण पहले ही मैंने मिठाइयां खाई थीं। यह सुनकर ब्रजवासियों को एहसास होता है कि किसी भूखे को दिया गया भोजन कृष्ण को खिलाने के बराबर है।

हम सब परमात्मा को अपना प्रसाद चढ़ाते हैं। कोई कुछ बड़ा चढ़ा देता है, तो उसके बारे में गाता फिरता है। वहीं, हममें से कुछ भगवान को इसलिए कुछ चढ़ाते हैं, ताकि हमें बदले में फायदा हो। हम, हमारी भेंट के इस भाव में अपने अहं को भी शामिल कर लेते हैं, लेकिन भगवान को हमारी भेंट के भौतिक मूल्य से कुछ लेना-देना नहीं है। वह हमेशा प्यार और भक्ति की तलाश में रहते हैं। भेंट के बहाने वह हमें धर्म के साथ जोड़े रखने में मदद करते हैं। यह मायने नहीं रखता कि हम क्या चढ़ाते हैं। हममें से प्रत्येक अपने स्वभाव, अपनी क्षमता और अपनी शर्तों के आधार पर भेंट चढ़ाता है। अगर हम अपने सभी विचारों और कर्मों के साथ खुद को उनके प्रति कृतज्ञता से अर्पित करते हैं, तो भगवान यह देखकर बहुत खुश होते हैं।

अपने अहं को संतुष्ट करने के लिए भेंट चढ़ाने वालों पर ध्यान मत दीजिए। वे जो करते हैं, वह उनके और उनके भगवान के बीच होता है। और हम जो करते हैं वह हमारे और हमारे भगवान के बीच होता है। परमात्मा के साथ अपने संबंध को एक व्यक्तिगत मिलन बनने दें। तो अगली बार जब आप परमात्मा को भेंट चढ़ाएं, तब यह न सोचें कि आपके बटुए में क्या है, बल्कि यह सोचें कि आपके दिल में क्या है!

# सुण मौल्लड़ की



आस्ट्रेलिया ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता।

यथार्थ इच्छा अर कल्पना तैं घणा ऊंचा सै।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे। यात्रा सुखद रहेगी। लोग आपके कार्यों की सराहना करेंगे।

**वृषभ :** भूमि व भवन खरीदने का मन बनेगा। इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।

**मिथुन :** बौद्धिक कार्य से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा। धार्मिक यात्रा संभव है। राजकीय मामलों में सफलता मिलेगी।

**कर्क :** असामाजिक लोगों से दूरी बनाए रखें। लोग पीठ पीछे आपकी निंदा करेंगे। स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव बना रहेगा। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**सिंह :** विभिन्न स्त्रोतों से लाभ होगा। मन में उत्साह बना रहेगा। प्रिय पात्र से भेंट होगी।

**कन्या :** विरोधी पक्ष से सावधानी बरतें। विवादास्पद मामलों में दूरी बनाए रखें। उधार का लेन-देन न करें। काली माता की पूजा करें।

**तुला :** विद्यार्थियों को मनचाहे परिणाम मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सकारात्मक सोच का लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक :** लापरवाही की तो हानि उठानी पड़ेगी। मन में अंजाना भय बना रहेगा। हृदय रोगी सावधानी बरतें। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**धनु :** व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा। छोटे भाई बहनों का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है।

**मकर :** महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे। लेखन के कार्य से जुड़े लोगों को लाभ होगा। वाणी व व्यवहार में संयम बनाए रखें।

**कुंभ :** पुरानी बातें भूलाकर नई शुरूआत करेंगे। व्यक्तिगत संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जल्दबाजी करने से बचें।

**मीन :** खर्च की अधिकता परेशान करेगी। कार्यों में अवरोध उत्पन्न होंगे। मन में तनाव बना रहेगा। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# नारी नारायणी फाउंडेशन ने किया मासिक बैठक का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** नारी नारायणी फाउंडेशन की मासिक बैठक संस्थापिका पूनम नागपाल के निवास स्थान सेक्टर 14 में संपन्न हुई। जिसमें आगामी गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई। संस्थापिका पूनम नागपाल ने बताया कि अब निशुल्क आई चेक अप कैंप व ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाना है जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। साथ में संस्था का विस्तार भी किया जो आगे भी किया जाना है। जिसमें विभिन्न शहरों में भी संस्था की शाखाएं खोली जाएंगी। इस अवसर पर उपस्थित सुनीता शर्मा को कोषाध्यक्ष, जया तनेजा, हस्तना व किंशुक को इवेंट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। बबली जांगड़ा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौपी गई। कीर्ति गोयल व ममता भाटी को मुख्य सलाहकार बनाया गया। प्रधान गुंजन गोयल व उप प्रधान ममता चंद्राकर व नेहा कक्कड़ ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी और उन्हें कार्यभार संभालने के लिए मार्गदर्शन दिया।

# मन को साक्षी हो कर देखना और साथी बन कर उसे दिशा देना, यही आत्म चिंतन हैं!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

कहते हैं मनुष्य के लिए परचिंतन पतन की जड़ है और आत्म चिंतन ही उसके उद्धार और उन्नति का कारक होता है। ब्रह्मा कुमारीज़ भी कहते हैं कि अगर साधना के पथ पर आगे बढ़ना है तो मन रुपी पंछी के, परचिंतन, प्रदर्शन और परमत के ये जो तीन पर हैं, उन्हें काट दो और एक पर परोपकार का लगा लो। आध्यात्म का अर्थ ही होता है आत्मा का अध्ययन मतलब आत्म चिंतन द्वारा ही हम स्वयं को जान सकते हैं। एक जैन साधक ने अपने गुरु से पूछा कि सब कहते हैं कि आत्म चिंतन करो,पर कोई बताता तो नहीं कि आत्म चिंतन करें कैसे? आत्म चिंतन होता क्या है? उनके गुरु ने बड़ा ही सुन्दर उत्तर दिया कि अनात्म चिंतन छोड़ दीजिए,बस आत्म चिंतन अपने आप हो जाएगा। आपके अंदर जो भी चल रहा है, उसके प्रति सचेत और सजग होकर देखो, वर्तमान में टिक जाओ, यही आत्म चिंतन की शुरुआत है।जो आप कर रहे हैं, उसके प्रति क्या आप में अप्रसन्नता, झुंझलाहट व कुढन रहती है, आपके मन का कोई हिस्सा है जो अच्छा महसूस नहीं कर रहा हो, आप को रोक रहा हो। क्या आप मन में अपने किसी नजदीकी के प्रति रोष और कुढन पाले हुए हैं? क्या आप जानते हैं कि इस तरह की जो ऊर्जा आप रिलीज कर रहे होते हैं, हानिकारक होती है, स्वयं के लिए भी और वातावरण के लिए भी और आसपास वालों के लिए भी नुकसानदेह होती है। अगर। है तो इसे मानसिक और भावनात्मक दोनों स्तर पर उसे गौर से देखिए। आपके मन का वह कौन सा विचार है जो उस स्थिति को उत्पन्न कर रहा है। उन विचारों की शरीर पर क्या प्रतिक्रिया हो



रही है,उस भावना को महसूस करिए। हो सकता है कि आपका फायदा उठाया जा रहा हो, आपका काम बड़ा नीरस और उबाऊ हो, हो सकता है कि आपकी इस स्थिति के वाजिब कारण हो,पर यथार्थ यह है भी है कि यह अप्रसन्नता, कुढन, अरूचि और रोष सब आपकी रचना है, आप बाहर और भीतर के बीच द्वंद को, टकराव को पैदा कर रहे हैं। अधिकांश मामलों में मन आपको इसी दशा में लटकाएं रखता है और असल बदलाव को रोके रखता है। जो कुछ भी नकारात्मक ऊर्जा से किया जाता है वह नकारात्मकता से दूषित हुए बिना नहीं रह सकता। एक बार यह समझ आ जाए कि हमारे भीतर जो भी चल रहा है वो हम ही पैदा कर रहे हैं, उसे ही हम नियंत्रित कर सकते हैं, बस यही साक्षी बन कर देखना और फिर मन का साथी बन कर उसे दिशा देना यही ही आत्म चिंतन हैं।

**-डॉ. कमलेश कली**

## कर्म का मर्म

# सुकरात ने खत्म किया धनवान बनने का अहंकार

बहुत पुरानी बात है। यूनान के एथेंस में एक महान दार्शनिक हुए सुकरात। वह धर्म-ध्यान और समाज सेवा में हर समय लीन रहते थे। लेकिन अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास आने वाले लोगों की कमी नहीं थी। उनके पास लोगों का तांता लगा रहता था। अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद वह किसी को निराश नहीं करते थे। वह सहज भाव से सबकी बातें सुनते और अनुकूल जवाब देकर संतुष्ट करके ही लोगों को भेजते थे।



एक दिन उनके पास एक धनवान व्यक्ति पहुंचा। उसे अपनी धन-दौलत का बहुत अभिमान था। वह हर किसी के सामने बात-बात में अपनी अमीरी का बखान करता। सुकरात के पास भी वह अपनी संपत्ति का गान करने लगा। सुकरात धैर्य से उसकी बात सुनते रहे। बहुत देर तक जब वह व्यक्ति चुप नहीं हुआ तो सुकरात उस व्यक्ति को वहीं अपनी कुटिया में दीवार पर टंगे विश्व के मानचित्र के पास ले गए और उससे बोले, बताओ इस नक्शे में यूनान कहां है? धनवान व्यक्ति ने यूनान की जगह अपनी उंगली टिकाते हुए कहा, ये रहा। उसके बाद सुकरात ने पूछा अब बताओ, इसमें हमारा एथेंस नगर कहां है? धनवान व्यक्ति ने अंदाज लगाते हुए कहा, यहीं कहीं होगा। अब सुकरात ने पूछा, 'अब बताओ, इस एथेंस नगर में तुम्हारा आलीशान मकान कहां है?'

धनवान व्यक्ति के पास कोई जवाब नहीं था, क्योंकि उस नक्शे में उसका मकान कहीं दिख ही नहीं रहा था। धनवान व्यक्ति को समझ में आ गया। तब सुकरात ने उसे पास बैठाकर समझाया- इस विशाल ब्रह्मांड में हमारा अस्तित्व तो नहीं के बराबर है, इसलिए हमें अपनी सीमित उपलब्धियों पर अहंकार नही करना चाहिए। यह सुनकर वह धनवान व्यक्ति लज्जित हो गया और वह सुकरात के चरणों में गिरकर माफी मांगने लगा। उसके बाद से वह व्यक्ति सुकरात का शिष्य बन गया और समाजसेवा में जुट गया।

# सीडीएस इंटरनेशनल स्कूल मुंढाल में मनाया गया दायित्वबोध व खेल दिवस



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 20 नवम्बर :** सी डी एस इंटरनेशनल स्कूल मुंढाल में वार्षिक खेल दिवस व दायित्वबोध दिवस मनाया गया, जिसका शुभारंभ मांगेराम एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष रामकुमार मान, एम डी जितेंद्र मान व नीतू मान, डायरेक्टर, एकेडमी हैड, प्राचार्या प्रवेश ढुल, कोऑर्डिनेटर सुशीला व राजबाला के कर कमलों द्वारा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पूजन से किया गया। सर्वप्रथम मुस्कान को हैड गर्ल, प्रतीक को हैड बॉय, जिज्ञासा व अदिति को स्पोकन हैड गर्ल, नवीन व पारस को स्पोकन हैड ब्वाय, कीर्ति को स्पोर्ट्स गर्ल व हर्ष को स्पोर्ट्स ब्वाय के पद से सम्मानित किया गया। कल्पना चावला सदन के लिए भावना को कैप्टन, मनु को वाइस कैप्टन, आरजू को प्रीफेक्ट, लक्ष्मीबाई सदन के लिए वेदिका को कैप्टन, सुहानी को वाइस कैप्टन, केशव को प्रीफेक्ट, सुभाष चंद्र बोस सदन के लिए निशु को कैप्टन, खुशी को वाइस कैप्टन, लक्की को प्रीफेक्ट, स्वामी विवेकानंद सदन के लिएजागृति को कैप्टन, मानसी को वाइस कैप्टन व सोनाली को प्रीफेक्ट चुना गया। हेड गर्ल व हेड बॉय द्वारा नवनिर्वाचित छात्र परिषद को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत स्पोर्ट्स गर्ल द्वारा सभी खिलाड़ी छात्रों को शपथ दिलाने के साथ ही एमडी जितेंद्र मान व नीतू मान, प्राचार्या प्रवेश ढुल, एकैडमी हेड ने हरी झंडी दिखाकर खेलों का धमाकेदार आगाज किया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्रों ने नॉर्मल रेस, फ्रोग रेस, लेमन रेस, टेबल रेस, म्यूजिक चेयर, बोल हीटिंग, रस्साकशी, थ्री लेग्स रेस, खो खो, कबड्डी आदि खेलों में कांटे का मुकाबला करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया व प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर कब्जा किया। रस्साकशी में कक्षा चौथी और पांचवी के मुकाबले में हितेश और शिवानी की टीम ने, कक्षा नौवीं से 12वीं की लड़कियों में मानसी की टीम ने और लड़कों की टीम में गौरव की टीम ने, शिक्षिकाओं की टीम में श्वेता मैम की टीम ने और शिक्षकों की टीम में खेमचंद सर की टीम ने बाजी मारी। कबड्डी में कक्षा छठी से आठवीं की टीम में आदित्य और जतिन की टीम ने, कक्षा नौवीं से 12वीं तक के लिए प्रिंस की टीम ने, कक्षा चौथी और पांचवी के लिए योगित की टीम ने, थ्री लेग्स रेस में हार्दिक और भव्य, यूरेन, हितेश, देव ने, 100 मीटर रेस में गौरव, युग, टिंकू, दक्ष, माही, फ्रोग रेस में हितेश, युवान, दक्ष, केशव, गुरप्रीत, पुलकित, अर्पित, दुष्यंत, हर्षित, काफी आदि ने, बिस्किट रेस संचित, नवनीत,दक्ष, खो खो में युक्ता व आकृति की टीम ने, लेमन रेस में आरव, अभी, पूर्व, लोकेश, तनुज, अंशिका,टेबल रेस में कृश, सानवी,गर्विका,नूर, भव्य पूर्वी, विराज आदि ने, म्यूजिक चेयर में सुहानी, दक्षित,अनाया आदि ने बाजी मारी। विजेता छात्रों को गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रवेश ढुल ने छात्रों के खेल प्रदर्शन की भूरि भूरि प्रशंसा की खेल प्रशिक्षक खेमचंद, शमशेर, कृष्ण कुमार व संपूर्ण स्टाफ सदस्यों के सहयोग की प्रशंसा करते हुए विजेता छात्रों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सर्वोदय भवन गांधी अध्ययन केंद्र हिसार में गोष्ठी का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** सर्वोदय भवन गांधी अध्ययन केंद्र हिसार में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नेहरू युवा केंद्र के सेवा निवृत्त निदेशक एवं नेसनाल वॉटर अवार्डी नरेंद्र यादव ने मुख्य वक्ता के बतौर गीता पर बोलते हुये बताया कि भगवद गीता वीरों का ग्रंथ है जो निर्बलता से सबलता की ओर ले जाती है। गीता को समझने के लिए वक्ता ने चार स्तम्भ बताए। पहला स्तम्भ डरो मत, दूसरा- अपने हृदय मे कमजोरी मत आने दो, तीसरा भीरु होकर जीने से मर जाना अच्छा है और चौथा है गीता को सुनकर समझना। गीता व्यक्ति को अपने अपने कर्म के प्रति सौंपे गए धर्म को बखूबी निभाने की बात करती है। सर्वहित मे अपनी जान तक गंवाना श्रेयस्कर है। वक्ता ने बताया कि गीता को समझना जरूरी है, क्योंकि गीता में जीवन के हर पहलू और हर समस्या का समाधान है। मंच का संचालन सतपाल शर्मा ने मुक्तक सुनाते हुये कुशल ढंग से किया। इस अवसर पर बनवारीलाल प्रजापति, बनीसिंह जांगड़ा, प्रबन्धक धर्मवीर शर्मा, केपी कालिया, विजेंदर कुमार, सुरेश गर्ग, राधेश्याम और डॉ महेंद्र रोहिला भी उपस्थित रहे।

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# विश्वास फाउंडेशन ने किया फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन, 227 ने उठाया लाभ






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** विश्वास फाउंडेशन की हिसार ब्रांच द्वारा रविवार को सेक्टर 16-17 स्थित विश्वासपुरम में एक विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में फेफड़ों का कैंसर, कोरोना के साइड इफेक्टस व दिल की बीमारियों की जांच की गई। कैंप में रोहतक पीजीआई के कोरोना विशेषज्ञ डा. पवन सिंह, डा. विशाल राज, डा. ज्योति गीता मोहन व डा. अनिल भाटिया ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश के स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता की धर्मपत्नी डा. प्रतिमा गुप्ता बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई। मुख्यातिथि डा. प्रतिमा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के कैंपों का आयोजन समाज के लिए लाभदायक साबित होता है। लोगों को सभी सुविधाएं एक साथ मिल जाती हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग अपनी बीमारी का उपचार करवाने की बजाय उसे दबाने का काम करते हैं, जिसके कारण हालात काफी खराब हो जाती है और बीमारी का उपचार भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे कैंपों के माध्यम से बीमारियों का समय पर पता चल जाता है और उनका समय पर उपचार हो जाता है। उन्होंने इस कैंप के आयोजन के लिए विश्वास फाउंडेशन की सराहना की। उन्होंने अन्य समाजसेवी संस्थाओं से भी समय-समय पर ऐसे कैंपों का आयोजन करने की अपील की। यह जानकारी देते हुए विश्वास फाउंडेशन के प्रवक्ता रिटायर्ड प्रिंसिपल प्रो. ललित आर्य ने बताया कि कैंप में 227 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। उन्होंने बताया कि कैंप में एक्सरे, ईसीजी, शुगर टेस्ट व पीएफटी टेस्ट फ्री किए गए तथा दवाईयां भी फ्री दी गई। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा अपने सामाजिक दायित्व के तहत ऐसे कैंपों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। इस अवसर पर ऋषि ओमप्रकाश, ऋषि सुरेश भाटिया, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजय सेहरा, ईश कुमार, मुल्कराज महता, कृष्णा, सरवन, भगवान देवी, राकेश मस्ताना, निपुण मलिक, अशोक, मास्टर रामचंद्र, सुशील, जयवीर पंघाल व मोहिंदर बंसल आदि भी उपस्थित रहे।

# शाश्वत नेचर क्योर एंड हेल्थ सेंटर में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** शाश्वत नेचर क्योर एंड हेल्थ सेंटर, 789 पीएलए की तरफ से राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में योगेश मित्तल तथा डॉक्टर रिम्पल मित्तल के निर्देशन में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें आयुष अधिकारी भी शामिल हुए। जिला आयुर्वेद अधिकारी धर्मपाल पूनिया तथा अन्य आयुष योग सहायक इस सेमिनार का हिस्सा बने। मुख्य अतिथि के रुप में डॉक्टर प्रतिमा गुप्ता, नीलम खेतरपाल तथा अनिता भंडारी मैडम शामिल हुए। हरी भरी वसुंधरा से सुनीता रहेजा का वक्तव्य तो सुनने लायक था। योगाचार्य पूजा ने मंच का संचालन बहुत ही अच्छे तरीके से किया। सेमिनार के मुख्य वक्ता उपमा वरदान ने अपने वक्तव्य में प्राकृतिक चिकित्सा के सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा डॉक्टर रिम्पल मित्तल ने असाध्याय रोगों में भी नेचुरोपैथी की महत्व पर प्रकाश डाला। सुभाष जैन, डॉ. सुमन यादव, कमलेश वर्मा, मीनाक्षी तायल, डॉक्टर महेंद्र बंसल तथा सुशीला बंसल ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ओएसजीयू में प्रथम पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह की धूम




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में रविवार को पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 245 पूर्व विद्यार्थी पहुंचे जिसमें विभिन्न राष्ट्रों व प्रांतो के विद्यार्थी शामिल थे। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत किया और उनके निरंतर बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एलुमनाई मीट पूर्व व वर्तमान विद्यार्थियों और शिक्षकों को इक्ट्ठा होने का मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। इसके बाद सभी पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का परिचय करवाया गया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कलाकार राजरानी मल्हान की टीम ने गीत संगीत के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपने बीते दिनों को याद करते हुए विश्वविद्यालय से जुड़े अपने अनुभवों को सांझा किया। उच्च पदों पर कार्यरत पूर्व विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का धन्यवाद करते हुए अपने करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी जुनियर विद्यार्थियों को दी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक, प्रति-कुलपति डॉ अजय पोदार ने कहा कि पूर्व विद्यार्थी मिलन समारोह से पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के अनुभवों से वर्तमान विद्यार्थियों को करियर के विकास में मदद मिलेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रबंधक डॉ शोभना पोदार 'ट्रैनिंग एंड प्लेसमेंट हैड' के साथ सभी विभागों के डीन, शिक्षक और पूर्व विद्यार्थी मौजुद रहे। सभी ने ओएसजीयू को और अधिक बेहतर बनाने का संकल्प किया।

# 'हमारा प्यार हिसार' ने पुरानी सब्ज़ी मंडी फ़्लाई ओवर के नीचे पेंटिंग अभियान शुरू किया





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** हमारा प्यार हिसार ने आज एक नई साइट पर पेंटिंग अभियान शुरू किया। मेहता नगर व संत नगर के साथ स्थित फ़्लाई ओवर के नीचे के पिलर बहुत बदरंग हालत में थे। ग्रुप के सदस्यों ने आज पहले इन पिलरों की सफ़ाई की व बाद में इनको पेंट करने का कार्य शुरू किया। अगले कुछ सप्ताहों में इन पिलरों पर कलाकृतियाँ बना कर इन्हें सुंदर रूप दिया जाएगा। आज के अभियान में सुशील खरींटा, डॉ सुरेन्द्र गर्ग, प्रो हरीश भाटिया, कमल भाटिया, नीलम असीजा, गगन मेहता, जितेन्द्र बंसल, मनीष गोयल, विजय कादियान, सत्येंद्र यदुवंशी, नवाब, जितेन्द्र सैनी, दिनेश बंसल, हरदीप खुराना, संजय मारवाड़ी, मंदीप पुनिया, अजय गोरखपुरिया, अखिल जैन, स्पर्श मेहता, शिखा जैन, रीतू खुराना, सोनू, दीपक, योगिता, पूर्वी बंसल, लक्ष्य, हर्षिता, रिमचा व इप्शिता ने भाग लिया।

# संगरिया के चुनावी चक्रव्यूह से सफल होकर निकलेंगे अभिमन्यु : बैनीवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 20 नवम्बर :** आदमपुर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप बैनीवाल ने राजस्थान में चल रहे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए संगरिया विधानसभा में प्रचार करते हुए कहा कि यहाँ कांग्रेस प्रत्याशी अभिमन्यु पुनिया चक्रव्यूह भेदने में पूरी तरह सफल होंगे। बैनीवाल ने दावा किया कि राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार की विकासवादी नीतियों पर मोहर लगाकर राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का काम करेगी। भारतीय जनता पार्टी की जात पात धर्म संप्रदाय के नाम पर विभाजनकारी राजनीति को राजस्थान की जनता अच्छे से समझ चुकी है व इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। बैनीवाल ने प्रचार के दौरान टिब्बी में आयोजित हरियाणा से सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा की रैली में भाग लिया व दावा किया कि इस रैली के बाद संगरिया का माहौल एकतरफ़ा हो गया है। बैनीवाल ने बताया कि कांग्रेस की सात गारण्टियां मतदाताओं को अपनी और आकर्षित कर रही है व उनमे एक विश्वास पैदा कर रही है । इन गारंटियों में समाज के हर वर्ग के कल्याण की बुनियाद रखी गई है। महिलाओं के सम्मान व कल्याण को लेकर कांग्रेस के घोषणापत्र में विशेष स्थान दिया गया है वहीं बुजुर्गों की पेंशन की सम्माजनक व्यवस्था व उसमें तय बढ़ोतरी कांग्रेस सरकार की राजस्थान की जनता को बड़ी सौग़ात है। राजस्थान में पुरानी पेंशन स्कीम लागू करके कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों को बड़ी राहत प्रदान की है जिसका असर इस चुनाव में देखने को मिल रहा है । साथ ही प्रदीप बैनीवाल ने दावा किया कि इन विधानसभा चुनावों के बाद केंद्र व हरियाणा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी व आगामी चुनावों में दोनों जगह कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# आत्मा के साथ सम्बन्ध की अनुपम यात्रा है संजीवनी ध्यान : आचार्या मां कल्पना



**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार, 20 नवम्बर :** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ हिसार ने अपने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। आज का सेशन आचार्या मां कल्पना ने लिया, जिसका विषय था संजीवनी ध्यान। संजीवनी ध्यान एक प्रमुख ध्यान पद्धति है जो मानव विकास और आत्मा के प्रति संबंध को मजबूत करने का प्रयास करती है। यह एक साधना है जो शांति, स्थिति और आत्मा की समर्थन क्षमता को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई है। संजीवनी ध्यान का मुख्य उद्देश्य यह है कि व्यक्ति अपनी मानसिक और आत्मिक शक्तियों को समझे और विकसित करे। यह ध्यान अभ्यास विभिन्न योग तकनीकों, प्राणायाम, और ध्यान की विभिन्न विधियों को शामिल करता है। आचार्या ने बताया कि संजीवनी ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बना सकता है और आत्मा के साथ एकात्मता में स्थापित हो सकता है। यह ध्यान विधि शांति और आत्मा के अंश को जागरूक करने का माध्यम हो सकती है, जो जीवन को समृद्धि और सार्थकता से भर देता है। इस अवसर पर ओशोधारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने बताया कि ओशोधारा ने हर घर ध्यान का संकल्प लिया है और इस कड़ी में ओशोधारा की टीम पूरे हरियाणा में अलग-अलग जगह ध्यान के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। आज के इस सत्र में 80 से अधिक मित्रों ने हिस्सा लिया और सभी बहुत ही ऊर्जावान और आनंदित अनुभव कर रहे थे। ध्यान के बाद टीम सद्गुरु हिसार व टीम सद्गुरु भिवानी के सदस्यों की मीटिंग हुई जिसमें आने वाले कार्यकर्मों को सफल बनाने की रुपरेखा तैयार की गई। ज्ञात हो कि ओशोधारा हरियाणा में ध्यान योग के तीन दिवसीय कार्यक्रम करवाने जा रहा है जोकि 25 से 27 नवम्बर को गुरुग्राम व 1 से 3 दिसंबर 2023 को भिवानी में होगा।

# विशाखापट्टनम में बंदरगाह पर लगी भीषण आग, 40 नाव जलकर खाक, करोड़ों का नुकसान

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 20 नवम्बर :** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में मछली पकड़ने के बंदरगाह पर सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। यह आग पहले एक नाव में लगी, फिर देखते ही देखते 40 अन्य नावों तक फैल गई। हालात पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। बंदरगाह में आग लगने से करीब 25-30 करोड़ रुपए के नुकसान की संभावना जताई जा रही है। नावों में लगी आग को देखकर मालिकों के आंसू नहीं रूक रहे है। हालांकि इस आग से कोई जनहानी नहीं हुई है। अधिकारियों का कहना है कि आग की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि लगभग 40 फाइबर-मशीनीकृत नावें पूरी तरह से जल गई, जबकि दुर्घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को सूचित किया।

# अस्ताचल गामी सूर्य को अर्ध्य दे मांगी मन्नतें, 11 लाख ज्योतों से की छठ मैय्या की महाआरती




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के तत्वाधान में आज सायं जिंदल सरोवर, जिंदल पार्क मिल गेट में छठ पूजा महापर्व धूमधाम से मनाया गया। अनेक लोग दंडवत करते हुए सरोवर स्थल पर पहुंचे। महापर्व के संरक्षक भगवान सूर्यदेव थे। छठ पूजा का मूल रूप यहां देखने को मिला। सूर्य संहिता द्वारा सूर्य षष्ठी महायज्ञ करके आदित्य ह्रदय स्तोत्र का पाठ किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि चित्रकूट से पधारे आचार्य सुरेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में आचार्य भगवानानंद पाण्डेय अयोध्या, पं. राघवाचार्य वृंदावन, ओमप्रकाश तिवारी प्रयागराज, राकेश मिश्र कांशी ने सूर्य के हजार नामों से आहुतियां डलवाई। इससे पूर्व प्रातः 6 बजे शंख ध्वनि के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक घाट पूजन एवं घाट संरक्षण का कार्यक्रम चला। 12 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक सवा क्विंटल गन्ना, फूलमाला एवं छठ माता का श्रृंगार किया गया। 3 बजे से सूर्य षष्ठी महायज्ञ प्रारंभ किया गया। अमृत योग में छठ व्रतियों ने सोना, चांदी, पीतल, एवं बांस के छाजों, जों, ढेकूआ, गुना, कसार, नारियल, अदरक, सेब, संतरा, शरीफा, सूथनी, मूली, गन्ना आदि अनेकानेक फलों से परिपूर्ण सूपों से अर्ध्य दिया। लोगों ने जल में प्रवेश कर सूर्य देवता की आराधना की। अस्ताचल गामी सूर्य को अर्ध्य देकर परिवार में सुख-शांति एवं आरोगय बनाए रखने की मन्नतें मांगी गई। संगठन के प्रधान विनोद साहनी ने बताया कि 11 लाख ज्योतों के साथ छठ मईया की महाआरती की गई। मंच संचालन करते हुए समिति के महासचिव मुरलीधर पाण्डेय व अंकिता पाण्डेय ने छठ मईया के इतिहास व महाव्रत के बारे में विस्तार से बताया। समिति की कानूनी सलाहकार अर्चना पाण्डेय व बच्चों ने छठी मईया के गीत गाकर उपस्थित लोगों को गुनगुनाने के लिए मजबूर कर दिया। दूर-दराज से हजारों लोगों ने सरोवर पर पहुंचकर श्रद्धा भाव से छठ मईया की पूजा अर्चना की। अनिल उपाध्याय ने छठी मैय्या के गीत प्रस्तुत किये। डॉ. विजय कुमार त्रिपाठी को पूर्वांचल शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छठ पर्व के अंत में आदर्श कुमार, गौरव कुमार, सर्वेश मिश्र, धर्मेन्द्र यादव, मोनू सेठ, प्रिंस तिवारी, राजा सेठ, मनोज पाण्डेय, अनिल कुमार, कुमरेश तिवारी, पुरुषोत्तम पाण्डेय व मुन्ना पाण्डेय ने अपनी मन्नत पूरी होने पर एक हजार दर्जन केले का प्रसाद छठी मैय्या को भेंट किये जिसका बाद में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उद्योगपति जगदीश जिंदल उपस्थित हुए। छठ पर्व में समिति के संरक्षक डॉ. राधेश्याम शुक्ल, समाजसेवी अशोक गोयल मंगालीवाला, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल के पीए ललित शर्मा, समाजसेवी रामनिवास राड़ा, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, समाजसेवी सुरेन्द्र कुमार, दर्शन कौशिक, शिक्षाविद् एच.के.शर्मा, योगेन्द्र शर्मा आदि विशेष रुप से उपस्थित हुए। सभी अतिथियों ने पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति से जुड़े लोगों को छठ पर्व की बधाई दी। समाजसेवी अशोक गोयल मंगालीवाला ने अपनी ओर से पूर्वांचल समिति को 51 हजार रुपये देने की घोषणा की। पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल की ओर से जगदीश जिंदल ने 21 हजार रुपये का सहयोग देने की घोषणा की। समिति के प्रधान विनोद साहनी व प्रेस सचिव रविन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों को समिति की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मिल गेट क्षेत्र के पूर्व प्रधान अनूप पाण्डेय, मुक्तार गिरी, अनिल उपाध्याय, तारकेश्वर मिश्र, हरीश चंद तिवारी, दिनेश पाण्डेय, मुखलाल, भिखी आदि भी उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा छठ पूजा मनाने के लिये जिंदल पार्क में व्यापक स्तर पर बदोबस्त किया गया था।

**कांचही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाये.. ..**

*हिसार में रहने वाले पूर्वांचल समाज के लोगों ने जिंदल सरोवर पर छठ मैय्या के गीत गाये जिनमें महिमा बा राऊर अपार हे छठी मईया.. .. उ जे कांचही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए.. .. छठी मइया आई ना दुअरिया.., कोपी-कोपी बोले ले सूरज देव.., हाजीपुर के केलवा महंग भइले.., उगी-उगी सूरज देव.., डारी-डारी चहके सुगनवा.., आदि शामिल रहे।*

# हरियाणा में अंबाला लोकसभा सीट के रिक्त होने के 6 महीने पूरे होने बाद भी उपचुनाव नहीं

## 18 मई 2023 को निवर्तमान भाजपा सांसद रतन लाल कटारिया का हुआ था निधन

### कानूनन 18 नवम्बर 2023 तक कराया जाना था उपचुनाव चूंकि मृत्यु के दिन कटारिया का कार्यकाल एक वर्ष से ऊपर था शेष : एडवोकेट

- भारतीय चुनाव आयोग ने अम्बाला उपचुनाव न कराने सम्बन्धी नहीं किया कारणों का सार्वजनिक प्रकटीकरण
- सांसद न होने से मौजूदा मोजूदा वित्त- वर्ष में एमपीलैडस के 5 करोड़ रुपये का नुक्सान

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 20 नवम्बर :** अंबाला (एससी) (अनुसूचित जाति आरक्षित) लोकसभा सीट को रिक्त हुए 18 नवंबर 2023 पूरे 6 महीने हो गए है। 18 मई 2023 को इस लोकसभा हलके से मई, 2019 में भाजपा की टिकट पर निर्वाचित रतन लाल कटारिया, जो जुलाई, 2021 तक मौजूदा मोदी सरकार-2 में केंद्रीय राज्यमंत्री भी रहे थे, के निधन फलस्वारूप इस रिक्त हुई सीट पर आज तक उपचुनाव नहीं कराया गया है।

इसी बीच पंजाब एवं हाईकोर्ट में एडवोकेट और कानूनी विश्लेषक हेमंत कुमार ने बताया कि यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि गत 6 महीने से अंबाला संसदीय सीट पर उपचुनाव कराने या न कराने बारे भारतीय चुनाव आयोग बिलकुल मौन है। हालांकि पिछ्ले माह 3 अक्तूबर को हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) अनुराग अग्रवाल द्वारा एक प्रेसवार्ता के दौरान यह कहा गया कि रिक्त अंबाला अम्बाला लोकसभा सीट उपचुनाव नहीं होगा, परंतु ध्यान देने योग्य है कि इस संबंध में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा ही औपचारिक और आधिकारिक घोषणा की जा सकती है, न कि प्रदेश के सीईओ द्वारा। 29 वर्ष पूर्व अप्रैल, 1994 में जब अम्बाला लोस सीट से तत्कालीन सांसद कांग्रेस के राम प्रकाश का निधन हुआ था, तब भी पूरे दो वर्षो पर उपचुनाव नहीं कराया गया था।

बहरहाल, हेमंत ने बीते 6 महीने में भारतीय चुनाव आयोग अर्थात मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और 2 चुनाव आयुक्तों अनूप चंद्र पांडे और अरूण गोयल और आयोग के वरिष्ठ पदाधिकारियों को ज्ञापन एवं अभिवेदन और तदोपरांत कानूनी नोटिस भेजकर रिक्त अंबाला संसदीय सीट पर शीघ्र उपचुनाव कराने को लिखा हालांकि चुनाव आयोग से कोई जवाब नहीं मिला हालांकि एक आर.टी.आई. में जवाब दिया गया कि यह विषय विचाराधीन है।

निश्चित तौर पर गत 6 माह जब से अंबाला संसदीय सीट से निवर्तमान भाजपा सांसद कटारिया का निधन हुआ, तब से प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में इस विषय पर कयास और चर्चाएं चलती रही कि क्या चुनाव आयोग अम्बाला लोस सीट पर उपचुनाव कराएगा अथवा नहीं क्योंकि आगामी कुछ माह अर्थात अप्रैल-मई, 2024 में 18वीं लोकसभा के आम चुनाव निर्धारित हैं और इस कारण आयोग संभवतः अल्प अवधि के लिए अम्बाला संसदीय सीट पर उपचुनाव नहीं कराना चाहेगा।

हेमंत ने यह भी बताया कि वैसे तो कानूनन अर्थात लोक प्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 151 ए के अंतर्गत चुनाव आयोग द्वारा रिक्त अम्बाला लोकसभा सीट पर 18 नवंबर 2023 तक उपचुनाव करना अनिवार्य था चूँकि इस सीट से निवर्तमान सांसद कटारिया के निधन के दिन उनकी एक वर्ष से ऊपर की अवधि शेष थी। बहरहाल, अगर चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार से परामर्श कर ऐसा प्रमाणित भी कर दिया है कि रिक्त अम्बाला लोकसभा सीटों पर उपचुनाव करवाना संभव नहीं, तो इस बारे में भी आयोग को सार्वजनिक प्रगटीकरण करना चाहिए कि ऐसी कौन सी प्रशासनिक अथवा संभवतः तकनीकी परिस्थितियां हैं, जिनके फलस्वरूप कानूनन निर्धारित 6 माह की अवधि में उपचुनाव कराना संभव नहीं हो पाया।

हेमंत ने यह भी बताया कि आज से 5 वर्ष पूर्व अक्तूबर-नवंबर 2018 में आयोग द्वारा कर्नाटक राज्य में तत्कालीन तीन रिक्त लोकसभा सीटों-बेलारी, शिमोगा और मांड्या पर उपचुनाव कराया गया था। हालांकि उसके 6 महीने बाद ही अप्रैल- मई 2019 में 17वीं लोकसभा के आम चुनाव निर्धारित थे। इस प्रकार चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव के विषय पर दोहरे मापदंड अपनाये जा रहे हैं।

हेमंत का कहना है कि बेशक उन्होंने अंबाला संसदीय सीट पर उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग को कानूनी नोटिस भेजा है परंतु यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सत्तासीन भाजपा-जजपा गठबंधन सहित विपक्षी राजनीतिक दल कांग्रेस, इनेलो, आप, बसपा कोई भी अंबाला लोस उपचुनाव नहीं चाहता। आज तक किसी भी विपक्षी राजनीतिक दल या उसके नेता ने उनसे इस संबंध में संपर्क नहीं किया कि वह हाईकोर्ट में अमुक केस में पार्टी बनने का इच्छुक हैं। सभी भावी उम्मीदवारों को लगता है कि अगर अंबाला उपचुनाव करवाया जाता है और वह प्रत्याशी चुनाव हार गया और उसकी जमानत जब्त हो गई, तो पार्टी अप्रैल-मई 2024 में निर्धारित 18वीं लोकसभा के आम चुनावों में दोबारा उसे टिकट नहीं देगी।

हेमंत ने बताया कि अंबाला उपचुनाव न होने अर्थात नया निर्वाचित लोकसभा सांसद नहीं होने से इस लोकसभा हलके में विकास कार्यों के लिए अंबाला लोकसभा सांसद को एमपीलैडस (संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना) के अंतर्गत वार्षिक स्वीकृत होने वाले 5 करोड़ रुपये, जिस मूल्य राशि के विकास कार्य लोकसभा सांसद द्वारा अपने संबंधित क्षेत्र में स्थानीय जिलाधिकारी को प्रस्तावित किए जा सकते हैं, वह संभव नहीं हो सकेंगे। अतः मौजूदा शेष वित्त वर्ष 2023-24 में उक्त 5 करोड़ रूपये मूल्य राशि के संभावित विकास कार्यों का नुकसान सभी हलकावासियों को भुगतना होगा। वेसे भी 2020-21 और 2021-22 में कोरोना वायरस वैश्विक महामारी कारण 8 करोड़ रूपये का एमपीलैडस में आबंटन नहीं हो सका था. सनद रहे कि दिवंगत सांसद कटारिया को मई, 2019 के बाद उनके निधन तक एमपीलैडस के अंतर्गत केवल 7 करोड़ रूपये ही स्वीकृत हो सके थे।

# कांग्रेस भवन में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का देश की तरक्की व विकास में बहुत बड़ा योगदान है : बजरंग गर्ग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गत दिवस देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की जयंती हिसार कांग्रेस भवन में मनाई गई। जयंती पर भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों संबोधित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी जी का जन्मदिन 19 जुलाई 1917 को हुआ। उनके पिता पंडित जवाहरलाल नेहरू जी देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे। बजरंग गर्ग ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लिए जिसके कारण उनकी छवि नीडर होकर फैसले लेने वाली आयरन लेडी की बन गई। इंदिरा जी विश्व भर में लोकप्रिय दबंग नेता के रूप में जानी जाती थी। इंदिरा जी 1966 से 1977 तक लगातार



तीन बार प्रधानमंत्री रही। उसके बाद 1980 से 1984 तक प्रधानमंत्री रही। 31 अक्टूबर 1984 को दो सुरक्षाकर्मियों द्वारा गोली मारकर इंदिरा जी की हत्या कर दी गई। इंदिरा गांधी जी ने अपने शासनकाल में 19 जुलाई 1969 को बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया और 1971 में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर के अलग से बांग्लादेश बनाने का काम किया। 1984 में ऑपरेशन मेघदूत में सियाचिन पर भारत का कब्जा किया। जिससे पूरे विश्व में भारत देश का काफी प्रभाव पड़ा। इंदिरा जी ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम देश में लागू कर कर गांव स्तर पर विकास के रास्ते तैयार किए। उनकी सोच थी कि गांव खुशहाल होगा तो देश अपने आप ही खुशहाल हो जाएगा। इंदिरा जी ने दुनिया में भारत देश को नयी पहचान देने का काम किया। बजरंग गर्ग ने कहा कि इंदिरा गांधी जी ने कहा था कि मैं रहूं या ना रहूं हमारा देश तरक्की करना चाहिए और मैं जब भी मारूंगी मेरे खून का एक-एक कतरा भारत देश के काम आना चाहिए। इंदिरा जी ऐसी महान नेता थी जिनका देश की तरक्की व विकास में बहुत बड़ा योगदान है। इस अवसर पर पूर्व आईएएस चंद्र प्रकाश, पूर्व चेयरमैन करण सिंह रानोलिया, वरिष्ठ नेता छत्रपाल सोनी, प्रदेश प्रवक्ता हनुमान वर्मा, वरिष्ठ नेता वजीर सिंह पूनिया, ग्रामीण महिला जिला अध्यक्ष संतोष जून, महिला महासचिव एडवोकेट कमल सहरावत,चंद्रभान काजला, राजेंद्र बालआन, निरंजन गोयल, डॉ राजबीर सिंह मोर, ईश्वर मोर, सुरेश पंघाल,योगेंद्र योगी विक्की, रविंद्र शर्मा आदमपुर, नलवा महिला हलका अध्यक्ष मनीषा दहिया, हनुमान बिश्नोई, महिला नेत्री कृष्णा दुग्गल, सतीश भाटिया, पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा, विजेंद्र हुड्डा, नरेश मलिक, हरज्ञान सिंह ख्यालिया, रणधीर सिंह बामल, विनय ढूकिया, ओम प्रकाश बजाज, सत्यवान नंबरदार, सुनिल बासडा, पवन सरपंच, राजवीर सरसाना, सुरेश कुमार वाल्मीकि, शशिकांत शर्मा, इंद्राज धुंधवाल, रतन कुमार बडगूजर, महेंद्र सिंह, राजवीर मलिक, भरत सिंह आदि कांग्रेस प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# बैंक ऋण के सहारे चल रही प्रदेश की किसानी : कुमारी सैलजा

## बैंकों से कर्जा लेने वाले किसानों की संख्या में एक साल के अंदर पांच लाख की बढ़ोतरी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 20 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश का किसान लगातार कर्जवान हो रहा है। अपनी खेती-किसानी को जिंदा रखने के लिए बार-बार बैंकों से ऋण लेने पर मजबूर है। एक ही साल में बैंकों से कर्जा लेकर खेती करने वाले किसानों की संख्या में प्रदेश भर में 05 लाख का इजाफा हुआ है। इससे पता चलता है कि किसान की आमदनी बढ़ाना भाजपा का जुमला ही था।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि खरीफ फसल के लिए किसान क्रेडिट कार्ड से इस बार प्रदेश भर में 11.49 लाख किसानों ने तीन लाख रुपये तक का लोन लिया है, जबकि पिछ्ले साल इस सीजन में 6.58 लाख किसानों ने ही कर्ज लिया था। मौसम



की मार से फसल खराब होने, बाजार में अपेक्षाकृत भाव कम मिलने और कृषि लागत बढ़ने से बार-बार कर्ज लेने की नौबत आ रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में सबसे अधिक फसली ऋण भिवानी जिले के किसानों ने लिया है, जो प्रदेश के कृषि मंत्री का गृह जिला है। इससे साबित होता है कि किसानों को फसल तैयार करने में बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खाद-बीज तक के रुपये उनके पास फसल बेचने के बाद नहीं बच रहे।

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश का किसान इस समय पूरी तरह बैंकों के ऋण के चक्रव्यूह में फंस चुका है। फसल बेचने से मिलने वाली राशि बैंक का ऋष्ण चुकाने में खर्च हो रही है। अगली फसल की बुआई के लिए उसे दोबारा से बैंक से ऋण लेना पड़ता है। कृषि घाटे का सौदा होने की वजह से उसके पास खाद, बीज तक के रुपये फसल बेचने के बाद नहीं बच रहे। किसी तरह खेती को जिंदा रखने के लिए वह बैंकों की कृपा के भरोसे है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों पर बढ़ते कर्ज पर भाजपाइयों की चुप्पी बताती है कि आमदनी बढ़ाने व स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने के नाम पर उन्होंने किसानों को झांसे में लिया था। चुनाव के दौरान किए वादे आज तक पूरे नहीं किए गए। किसानों के कल्याण की तरफ ध्यान देने की बजाए उनकी जमीनों को छीनने के लिए तीन काले कृषि कानून लाए गए। लेकिन, अब इनकी चाल को किसान समझ चुके हैं और आगामी चुनाव में भाजपा को वोट की चोट से जवाब देंगे।

# घर में सुख समृद्धि लाए आंवला नवमी की उपासना

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

इस पर्व का प्रारंभ कार्तिक माह से होता है। यह पूरे एक माह अर्थात पांच सप्ताहों तक चलता रहता है। हर गुरुवार को इसकी पूजा की जाती है। अतः हर गुरुवार आने के पूर्व संध्या पर सभी लोग अपने अपने घरों को लीप पोतकर साफ सुथरा करते हैं एवं घर के कमरों में छूही की माटी से सफेद रंग बनाकर तरह तरह के सजावटी आकृतियां बनाते हैं फिर दूसरे दिन की पूजा पाठ की तैयारियां करते हैं। कहा जाता है कि कार्तिक माह के लगते ही आंवला का दान करना बहुत पुण्य देता है। इस संदर्भ में एक पुरानी कहानी बताई जाती है कि जो इस प्रकार है - किसी समय एक गांव में एक बुढ़िया रहती थी। उसके चार बेटे व चार पुत्रियां था। उस बुढ़िया के घर में आंवले का बहुत बड़ा पेड़ था। जिसमें फलने वाले आंवला को हमेशा वह दूसरों को देती रहती थी। दान पुण्य करने में बुढ़िया कभी पीछे नहीं रहती थी। इस आदत को देखकर उसकी बहुएं उससे बहुत चिढ़ा करती थी एवं आंवला दान करने से हमेशा मना करती थी एक दिन बहुओं ने उसे घर से निकाल दिया। बुढ़िया मजबूर होकर आंटे के छोटे छोटे (आंवले ) गोले बनाकर दान करने लगी। व हमेशा भगवत पूजा पाठ में ध्यान लगाती रही। उसके इसी भक्ति भावना और साधना से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु एक दिन प्रगट होकर उससे कहते हैं- 'मैं तुम्हारी भक्ति से अत्यंत प्रसन्न हूं!' और भगवान की कृपा से उस बुढिया की झोपड़ी महल में बदल जाती है। जहां अनेक नौकर चाकर, धन, सोना चांदी अनेक कीमती आभूषण सभी कुछ था। बुढ़िया अपने महल में पूरी सुख सुविधा के साथ भगवत् पूजा में रम गयी। उधर उसके चारों बेटों का कारोबार ठप्प हो गया। चारों बहुएं दाने दाने को मोहताज हो गईं। अपनी गरीबी की हालत के कारण बहुओं को भी घर से निकल कर काम ढूंढना पड़ गया। संयोग से एक बहू अपने सास के महल में ही काम मांगने पहुंची। बुढ़िया ने अपनी बहु को तुरंत पहचान लिया और उसे अपने महल में नौकरानी




रख लिया। बुढ़िया की बहु उसे नहीं पहचान पाई। एक दिन बुढ़िया ने उसे पैर दबाने को कहा तब पैर दबाते वक्त वह नौकरानी बुढ़िया के पैर में तील देखकर रोने लगी। बुढ़िया ने उससे पूछा कि क्यों रो रही है तब उसने कहा मेरी सास के पैर में भी इसी प्रकार का तील था जब से हमने उन्हें घर से भगा दिया, तब से हमारे घर में दरिद्रता आ गई है। बुढ़िया ने आगे पूछा- क्या तुम लोगों ने अपनी सास को कोई खोज खबर ली है ? तब बहु ने उत्तर दिया कि हम लोगों ने उन्हें बहुत ढूंढा, पर वे नहीं मिली। आखिरकार बुढ़िया को अपनी बहु पर दया आ गई, फिर उसने अपना भेद खोलते हुये उसे बताया कि मैं ही तुम्हारी वो सास हूं। उसकी बहु यह जानकर उससे अपने किये की माफी मांगने लगी। बुढ़िया ने उन्हे माफ कर दिया। और सभी बेटे बहुओं को बुलाकर अपने साथ रख लिया। उनका घर फिर एक बार खुशियों से भर गया। बस तभी से इस आंवला नवमी की पूजा घर की सुख समृद्धि एवं शांति के लिये की जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस पूजा को पूरे विधि व नियमपूर्वक करने पर ही अभिष्ठ फल की प्राप्ति होती है। इस पूजा में सबसे आवश्यक माना गया है कार्तिक से ही आंवले का दान करना। जिस दिन आंवला नवमीं की तिथि रहे, उस दिन प्रातः से ही स्नान कर स्वच्छ वस्त्रधारण कर आंवले के पेड़ की विधिपूर्वक पूजा अर्चना करें। पहले जल अर्पित करें फिर चंदन, रोली आदि लगायें। घी का दीपक जलाएं एवं फूल फल चढ़ाकर हाथा दिया जाता है। इसके बाद आंवला पेड़ के तनों को दोनों हाथों में भरकर गले (भेंट) मिलने की प्रक्रिया की जाती है। फिर अपनी छमतानुसार 108, 51, 21, 11 एवं 7 बार पेड़ के चारों ओर फेरी लगाकर मंत्रोच्चार करते हुए रोली लपेटा जाता है। अंत में यह नियम है कि आंवला पेड़ के नीचे भोजन पकाकर लोगो को खिलाये एवं स्वयं भोजन करें। पेड़ के नीचे भोजन पकाने एवं भोजन करने को अंत्यंत शुभ माना जाता है। किसी पुरोहित को दान दक्षिणा (सीधा) देने का भी विधान है। इस प्रकार आंवला नवमी की पूजा संपन्न की जाती है। इस पूजा के करने से घर में सुख शांति और सम्पन्नता बढ़ती है।



**- सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# शिक्षा से ही समाज और देश का विकास संभव

## बरवाला में धूमधाम से मनाई सेन महाराज की जयंती



**पाठकपक्ष न्यूज**

**बरवाला, 20 नवम्बर :** बारबर यूनियन व समस्त सैन समाज के तत्वावधान में वार्ड नंबर 2 में स्थित सैन धर्मशाला के प्रांगण में सेन महाराज की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें देश व प्रदेश के समाज की अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों ने शिरकत की। इस जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी बंटी सैन व राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टर सतीश सैन, पहलवान नवीन सैन, बलजीत पंवार, गोल्ड मेडलिस्ट कृष्ण सैन, जयंत सैन, सुनील सैन, सतीश गिल मौजूद रहे तथा गरिमामयी उपस्थिति पूर्व चेयरमेन भूपेंद्र गंगवा व पूर्व पार्षद राजेश श्योकंद की रही। यह जानकारी देते हुए बरवाला बारबर यूनियन के प्रधान शमशेर चौहान और उप-प्रधान वजीर गिल ने बताया कि मंच संचालन इंद्रजीत शेखावत ने किया। इस दौरान समाजसेवी बंटी सैन व राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज और देश का विकास केवल शिक्षा से ही संभव होता है। इसलिए अपने बच्चों को स्कूल-कॉलेज भेजें और उन्हें शिक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि समाजजनों को बालिका शिक्षा की ओर प्रमुखता से ध्यान देना होगा। कारण है कि यदि बालिका शिक्षित होगी तो आने वाली पीढ़ी को और अधिक शिक्षित बनाया जा सकेगा। इस दौरान दोनों वक्ताओं ने सेन समाज के पैतृक कार्य को आधुनिक ढग से अपनाने के साथ-साथ युवाओं को बड़ी सरकारी नौकरियों को टारगेट करके प्रीतियोगिताओं की तैयारी करने पर जोर दिया। बंटी सेन ने अपने संबोधन में सेन महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता है, इंसान की सोच छोटी बड़ी होती है, उन्होंने समाज के युवाओं व युवतियों से अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करने और एकजुट होकर समाज के साथ खड़े रहने का आह्वान किया तभी समाज तरक्की कर सकता है और समाज आगे बढ़ सकता है। सैन महाराज की जयंती समारोह में समाज की अलग-अलग क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेंद्र चौहान, धर्मपाल कटारिया, लेखाकार ओमप्रकाश अजमेरा, कैशियर कृष्ण दूहन, पूर्व प्रधान बल्ली चागंल, सुभाष कटारिया, शमशेर सरोहा, राजेश ककैन, रामबिलास अजमेरा, सतबीर डोर, लीलू ककैन, लवली चांगल, विनोद गिल, सतीश गिल राजली, राजबीर सेलपाड़, मियां सिंह बनभौरी,संजीव कटारिया, बलवन्त जाखड़, विजय महारानियां, सूबे सिंह ककैन, रामचंद्र व सुरेश ककैन समेत सैकड़ों की तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# छट पूजा के अंतिम दिन उगते सूर्य को सैंकड़ो श्रद्दालुओं ने अर्ध्य देकर की पूजा

## मेयर गौतम सरदाना ने बताया त्यौहार का महत्व



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 20 नवम्बर :** हिंदूओं के महाउत्सव छट पूजा के अंतिम दिवस आज बरवाला रोड स्थित सती जोहड़ी परिसर में सर्योदय के समय 6 बजकर 47 मिन्ट पर भगवान सूर्य देव को अधर्य देकर बहुत ही धूम-धाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्दालुओ ने भक्ति- भाव के साथ पूजा- आराधना की। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ कला व संस्कृति प्रदेश प्रभारी सुनील सिंह चाय पत्ती वालो ने किया। गत दिवस सांयकाल अस्ताचल गामी सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर परिवार के सुख -समृद्धि व उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। तत्पश्चात महाआरती की गई और भगवान को भोग लगाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मेयर गौतम सरदाना ने इस त्यौहार के महत्व को बताते हुए कहा कि यह पर्व सबसे पहले सूर्य पुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके आरंभ किया था। वे भगवान सूर्य की कृप्या से ही महान पराक्रमी योद्धा बने थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा पर्व है जो वैदिक काल से चला आ रहा है।यह उत्सव सूर्य, प्रकृति, जल, वायु को समर्पित है। मेयर ने इस शुभ पर्व पर शुभकामनाएँ व बधाई दी। इस अवसर पर डिप्टी सीनियर मेयर अनिल सैनी, नरेश सिंघल, प्रवीण पोपली, सुरेश गोयल धूप वाला, प्रवीण केडिया, दीनदयाल गोरखपुरिया, राज कुमार सलूजा, पंकज गुप्ता, सुभाष गुप्ता, विनय कुमार, शिव कुमार गोयल, अजय, दलीप सोनू, अतुल आदि उपस्थित रहे।

# सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना के साथ भाजपा कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने की छठ पूजा

## कहा-एकजुट होकर छठ पूजा में हिस्सा लेकर श्रद्धालुओं ने दिया समरसता का संदेश





पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 20 नवम्बर :** मिथलांचल छठ पूजा सेवा समिति द्वारा चंदन नगर के पास स्थित नहर पर आयोजित सूर्य अर्घ्य व पूजा के कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने मुख्यातिथि के रूप में पहुंचकर मिथलांचल छठ पूजा सेवा समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। तरुण जैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना करते हुए छठ पूजा में भी हिस्सा लिया। इस दौरान इस कार्यक्रम की सहयोगी संस्था न्यू श्री राधे युवा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रो. दीपक कुमार, अमन व मनीष सहित काफी काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मिथलांचल छठ पूजा सेवा समिति व न्यू श्री राधे युवा सेवा समिति ने संयुक्त रूप से मुख्यातिथि तरुण जैन को फूल मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित भी किया। इस अवसर पर तरुण जैन ने कहा कि हमारा देश विविधताओं और त्योहारों का देश है। यहां की विशेषता यह है कि सभी त्योहार व उत्सव मिलजुलकर मनाए जाते हैं। इसी कड़ी में छठ पूजा का पर्व भी सभी मिलजुलकर मनाते हुए समरसता का परिचय देते हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा सूर्य देव की उपासना का त्योहार है। भक्तगण 36 घंटे का निर्जला व्रत रखते हैं और सुबह व सायंकाल सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मिथलांचल छठ पूजा सेवा समिति से जुड़े सैकड़ों श्रद्धालुगण फलों की टोकरी लेकर कई घंटों तक चंदन नगर के पास स्थित नहर के पानी में खड़े रहे और सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी आस्था व्यक्त की। सूर्य देव की उपासना के दौरान सभी ने खुशहाली की मंगलकामनाएं भी की।

# सनातन धर्म महिला महाविद्याल हांसी में छात्राओं के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन

## टूल्स का उपयोग फायदे के लिए करें न कि किसी के नुकसान के लिए : डॉ. प्रज्ञा कौशिक



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 20 नवम्बर :** सनातन धर्म महिला महाविद्याल हांसी में छात्राओं के लिए फंडामैंटल ऑफ इन्फॉरमेशन्स लिट्रेसी विषय पर मीडिया एजुकेटर डॉ. प्रज्ञा कौशिक द्वारा गूगल न्यूज व डाटा लीड्स इनोशेटिव के तहत शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं के लिए कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से सूचनाओं की सत्यता और स्वच्छता की जानकारी होना कितना आवश्यक है, उसके महत्व को सूचना साक्षरता के विभिन्न आयामों से छात्राओं को अवगत करवाया गया। डिजिटल युग में झूठी सूचनाओं के कारण फैलती अव्यवस्था को रोकने के लिए छात्राओं को कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया क्योंकि सही सूचनाऐं हमारे देश, लोकतंत्र समाज, संस्थान की उन्नति के लिए अति आवश्यक है। डॉ. प्रज्ञा कौशिक ने कहा कि टूल्स का उपयोग फायदे के लिए करें न कि किसी के नुकसान के लिए। कार्यशाला में छात्राओं ने विशलेषनात्मक सोच से सम्बन्धित गतिविधियों की सूचना साक्षरता विषय का गहराई से समझा। अपने परिवार और समुदाय को गलत सूचनाओं से बचाने के लिए सुझाव पर चर्चा की गई। विश्वसनीय स्त्रोतों से सूचना प्राप्त करें। गलत सूचना पहचान करने में लोगों की मदद करें, लोगों को आसानी से समझ आए ऐसी भाषा में बात करें, गलत सूचनाओं के खतरों के बारे में अपने परिवार में बातचीत जरूर करें। सूचना कहां से मिली है और क्यों मिली है उस पर अवश्य सोचें। याद रखें यदि आप सूचना की सत्यता से आश्वस्त नहीं है तो शेयर न करें! इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा श्रीमती शीलू कुमारी ने कहा कि झूठी व भ्रमक सूचनाऐं मानसिक, शारीरिक और वैचारिक स्तर पर हमें प्रभावित कर रही है, इससे स्वास्थय, समय व पैसा आदि सभी का दुरूप्रयोग हो रहा है। इस अवसर पर कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. श्रीमती मधु कक्कड़ ने भी छात्राओं को कार्यशाला से भरपूर लाभ लेने के लिए आह्वान किया।

# अशोक मंगालीवाला ने छठ पूजा में हिस्सा लेकर जनकल्याण की कामना की

## कहा-सूर्य देव की उपासना व आस्था के पर्व छठ पूजा को मिलकर मनाएं



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 20 नवम्बर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ छठ पूजा में हिस्सा लेकर जनकल्याण की कामना की। पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के तत्वावधान में मिल गेट स्थित जिंदल पार्क में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में उन्होंने पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धा भाव से पूजा की और सूर्य देव को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्वांचल जन कल्याण संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं को छठ पूजा पर्व की शुभकामनाएं दी और उनकी सुख-समृद्धि की मंगलकामनाएं भी की।इस दौरान संगठन से जुड़े साथियों ने अशोक मंगालीवाला को फूल मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जगदीश जिंदल, रामनिवास राड़ा व विनोद साहनी सहित कई वरिष्ठ नेता व गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंगालीवाला ने कहा कि हमारे देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग त्योहार मनाए जाते हैं लेकिन खास बात यह है कि सभी त्योहारों पर मेलमिलाप व सद्भाव देखने को मिलता है। इतना ही नहीं त्योहारों व विशेष दिवसों पर श्रद्धालुओं का उत्साह भी देखने लायक होता है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा में हिस्सा लेकर मेलमिलाप व सद्भाव को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल जन कल्याण संगठन छठ पूजा पर्व मनाकर लोगों को जोड़ने का काम कर रहा है। मंगालीवाला ने कहा कि हिसार उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि विदेशों में 32 वर्षों तक खूब धन व सम्मान अर्जित किया है। अब गुरुदेव स्वामी गुरुवानंद जी महाराज के आदेश से अपनी जन्मभूमि हिसार को अपनी कर्मभूमि बनाकर इसके विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हर दृष्टिकोण से हिसार को आगे बढ़ाना ही उनका उद्देश्य है।

# गठबंधन सरकार ने युवाओं के सपनों को तोड़ा, नौकरियों में आरक्षण सिर्फ एक जुमला : नाशा



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 20 नवम्बर :** निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण के कानून को रद्द किए जाने पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रा गांधी किसान मजदूर कांग्रेस गौरव नाशा ने कहा कि 75 प्रतिशत प्राइवेट नौकरियों में युवाओं को रोजगार देना सिर्फ एक जुमला है और युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। दरअसल भाजपा -जजपा सरकार हरियाणा के युवाओं को रोजगार आरक्षण देना ही नहीं चाहती। यह उनके लिए मात्र एक चुनावी स्टंट है, इसलिए सरकार ने हाईकोर्ट मे आरक्षण के मामले को गंभीरता से लिया ही नहीं। नाशा ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार ने 75 प्रतिशत युवाओं को नौकरी देने, 5100 बुढ़ापा पेंशन व गांवों में शराब के ठेके न खुलवाने की घोषणाएं सिर्फ जुमला साबित हुई है। सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नाशा ने कहा कि गठबंधन सरकार ने निजी क्षेत्र में नौकरियों के आरक्षण के नाम पर पिछले 4 साल से युवाओं को बहुत बहकाया है। हाईकोर्ट द्वारा आरक्षण रद्द के फैसले ने साबित कर दिया की गठबंधन सरकार युवाओं को सिर्फ भ्रमित करने पर लगी थी।

## बेदखली सूचना

मैं, पवन कुमार पुत्र श्री मामन चंद, निवासी वार्ड नं. 1 चारकुतुब गेट, हांसी, तह. हांसी, जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र सुमित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार


DHANWANTARI
स्वस्थ भारत अभियान
Ayurvedic Centre
Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेट पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868







अब बर्तन चाँदी से चमके



डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573



WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000


# श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी में एथलेटिक रिदम्स एंड कल्चरल इकोज़ 2023 थीम पर आधारित खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन





पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 20 नवम्बर :** श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी में आयोजित एथलेटिक रिदम्स एंड कल्चरल इकोज़ 2023 थीम पर आधारित खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत प्रथम दिन कक्षा नर्सरी से चौथी तक के लगभग 700 विद्यार्थियों ने खेलकूद में व कक्षा पांचवी से आठवीं तक के 500 विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेश जैन जी (पूर्व डिप्टी डी. ई. ओ., हिसार) ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत गीत के पश्चात विद्यार्थियों ने जुंबा नृत्य, झांसी की रानी पर आधारित नृत्य, हनुमान चालीसा का नृत्य द्वारा मंचन, घूमर, भांगड़ा एवं कृष्णा नृत्य व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक सत्र 2022-23 में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी व पेन देकर पुरस्कृत किया गया। खेलों के प्रथम राउंड में बॉब द बिल्डर रेस में कक्षा दूसरी से, लक्षिका प्रथम, रिहाना द्वितीय व लक्षिता तृतीय रहे। रिले रेस में कक्षा दूसरी से आरव व दक्ष प्रथम, तरुण व जागरव द्वितीय एवं लव व मोनीष तृतीय रहे। पापा शू रेस में कक्षा पहली से रौनक प्रथम, पीयूष द्वितीय व जागृत तृतीय रहे। नर्सरी व एलकेजी की कैट रेस में केशवी प्रथम, आध्या द्वितीय व मोलिशा तृतीय रहे। कक्षा पहली से हाफ बैक, हाफ फ्रंट रेस में शौर्य प्रथम, दिव्य द्वितीय व ध्रुव शर्मा तृतीय रहे। कक्षा दूसरी से स्वास्तिक रेस में नव्या प्रथम, समायरा द्वितीय व हिमाक्षी तृतीय स्थान पर रहे। बलून बर्स्टिंग रेस में कक्षा दूसरी से मानव प्रथम, धनमीत द्वितीय व इशांत तृतीय रहे।बिंदिया रेस में कक्षा पहली से दीपांशी प्रथम, गीतिका द्वितीय व दिया तृतीय रहे। पिक एनी वन शेप रेस में कक्षा पहली से चार्वी प्रथम, युविका द्वितीय व लक्षिता तृतीय रहे। स्माइली रेस में कक्षा दूसरी से प्रेक्षा प्रथम, दिव्या द्वितीय व अन्वी तृतीय रहे। पिलो रेस में कक्षा दूसरी से गनिष्का प्रथम, गुरनूर द्वितीय व नूर तृतीय रहे। रैबिट रेस में कक्षा यूकेजी से ध्रुवी प्रथम, रहित्या द्वितीय व मिराया तृतीय रहे। कक्षा दूसरी से सैक रेस में आयांश प्रथम, हर्षित द्वितीय व सोरांश तृतीय रहे। कक्षा नर्सरी-एलकेजी से रिंग रेस में आव्या प्रथम, माही द्वितीय व पृषा तृतीय रहे। दूसरे राउंड के अंतर्गत प्लांट एंड सेपलिंग रेस में कक्षा दूसरी से हिमांशी प्रथम, जानवी द्वितीय व हंसवी तृतीय रहे। कक्षा पहली से लेमन रेस में आशीष प्रथम, अवयुक्त द्वितीय व कबीर तृतीय रहे। बॉल बैलेंसिंग रेस में कक्षा पहली से प्रियांशी प्रथम, वन्या द्वितीय व युक्ति तृतीय रहे। रिले रेस में कक्षा पहली से लिपाक्ष व हार्दिक ठकराल प्रथम, कार्तिक व विहान तनेजा द्वितीय एवं बलराम व लक्षित तृतीय रहे। बाल बैलेंसिंग रेस में कक्षा दूसरी से छ्यन प्रथम, पुष्प द्वितीय व युवराज तृतीय रहे। मिस एसकेडीवीएम रेस में कक्षा नर्सरी-एलकेजी से काव्या प्रथम, जियाना द्वितीय व रितिका व लिवांशी तृतीय रहे। कक्षा यूकेजी से रिंग रेस में मौर्या प्रथम, हितेश द्वितीय व सक्षम व आयांश जैन तृतीय रहे। पुश द बॉक्स रेस में कक्षा पहली से यशिका प्रथम, नंदिनी द्वितीय व दर्पण तृतीय रहे। हर्डल रेस में कक्षा तीसरी से पारस प्रथम, कैरव द्वितीय व हार्दिक तृतीय रहे। मिस इंडिया रेस में कक्षा पहली से रिद्धि प्रथम, रितिका द्वितीय व तन्वी व परिधि तृतीय रहे। स्कूल नेम शाइनिंग रेस में कक्षा चौथी से युवान प्रथम, चेतन द्वितीय व प्रयान तृतीय रहे। शेफ रेस में कक्षा नर्सरी-एलकेजी से रिद्धि गोयल प्रथम, विधि द्वितीय व गायु यादव तृतीय रहे। मटकी रेस में कक्षा यूकेजी से तृषा प्रथम, यामी द्वितीय व गिरीश तृतीय रहे। बैंगल्स स्पून बैलेंसिंग रेस में कक्षा तीसरी से वैभव प्रथम, मोनित द्वितीय व विहान तृतीय रहे। तीसरे राउंड में सनफ्लावर रेस में कक्षा नर्सरी-एलकेजी से रीवा प्रथम, रिद्धि द्वितीय व दिशिता यादव तृतीय रहे। फाइंड द कोइंस रेस में कक्षा यूकेजी से यक्ष प्रथम, अधर्व द्वितीय व ताविश तृतीय रहे। वन लेग रेस में कक्षा तीसरी से लतिका प्रथम, नव्या द्वितीय व जीनल तृतीय रहे । बाल शटल बैलेंस रेस में कक्षा चौथी से गुनदीप प्रथम, प्रणव द्वितीय व मोक्ष तृतीय रहे। जॉइन द ब्लॉक रेस में कक्षा नर्सरी - एलकेजी से लक्षित प्रथम, जिहान सैनी द्वितीय व मानिक तृतीय रहे। अंडर द टेबल रेस में कक्षा यूकेजी से हितेश प्रथम, हर्षवर्धन द्वितीय व खेवन दुआ तृतीय रहे। हेयर बैंड रेस में कक्षा चौथी से हर्षिता प्रथम, हर्षिका द्वितीय व वनिका जैन तृतीय रहे। मंकी रेस में कक्षा तीसरी से भवी प्रथम, हेमंत द्वितीय व नवनीत तृतीय रहे। गणेशा रेस में कक्षा नर्सरी-एलकेजी से प्रणवी नेगी प्रथम, गुनीत द्वितीय व शिवांश कटारिया तृतीय रहे। बॉल बैलेंस रेस में कक्षा यूकेजी से रिदम प्रथम, जीविषा सैनी द्वितीय व गर्विता तृतीय रहे। रिले रेस में कक्षा चौथी से केशव व ईशान प्रथम, लक्षित व वंश नरूला द्वितीय एवं सक्षम व संचित तृतीय रहे। बैक रेस में कक्षा तीसरी से दियांशी प्रथम, यशवी द्वितीय व प्राची तृतीय रहे। फार्मर रेस में कक्षा नर्सरी-एलकेजी से अग्रिम जांगड़ा प्रथम, युवान द्वितीय व तेजस कुमार तृतीय रहे। बैंगल्स विद बोटल रेस में कक्षा यूकेजी से विधि प्रथम, कीया द्वितीय व तृतीय रहे। डंबल रेस में कक्षा नर्सरी-एलकेजी से मेहुल जैन प्रथम, रुद्र द्वितीय व देवेश तृतीय रहे। चौथे राउंड में कक्षा यूकेजी से पैकिंग द मार्बल्स रेस में गौरांश प्रथम, कनीश द्वितीय व अविराज तृतीय रहे। हेंड टाई और बोल पिक रेस में कक्षा चौथी से भव्या प्रथम, पूर्वी द्वितीय व श्रेया तृतीय रहे। क्रॉस लेग रेस में कक्षा यूकेजी से हिनाया प्रथम, तन्वी द्वितीय व इवाना तृतीय रहे। फूड ग्रेन रेस में कक्षा चौथी से गर्वी प्रथम, काश्वी द्वितीय व भाविका तृतीय रहे। पेंसिल्स रेस में कक्षा नर्सरी-एलकेजी से जेसिका प्रथम, पूर्वीधी द्वितीय व पीहू तृतीय रहे। रिले रेस में नर्सरी-एलकेजी से अथर्व व वर्णित कक्कड़ प्रथम, उत्कर्ष व धर्मांश द्वितीय एवं आहान व नकुल बढ़ाना तृतीय रहे। अप द टेबल रेस में कक्षा यूकेजी से भव्य प्रथम, पार्थ द्वितीय एवं, हरमन व हिरेन तृतीय रहे। रिंग बैलेंस रेसिंग में कक्षा चौथी से अवनी प्रथम, आध्या द्वितीय व रियांशी तृतीय रहे। क्लॉक रेस में कक्षा नर्सरी-एलकेजी से प्रज्ञा प्रथम, समायरा द्वितीय व अंशी तृतीय रहे। ट्रैफिक लाइट रेस में नर्सरी-एलकेजी से शांतनु प्रथम, समर्थ द्वितीय व अंगद तृतीय रहे। मेक ए क्रॉउन रेस में कक्षा यूकेजी से तिषाली प्रथम, मोनाल द्वितीय व शनाया तृतीय रहे। फ्लैग रेस में कक्षा यूकेजी से पार्थ प्रथम, लवप्रीत द्वितीय व हेशांत तृतीय रहे। रिले रेस में कक्षा तीसरी से मयंक व रूहान प्रथम, नितिन व यजत द्वितीय एवं अदनव व कृष तृतीय रहे। पिरामिड बैलेंसिंग रेस में कक्षा तीसरी से भूवी प्रथम, सायशा द्वितीय व मेहुल तृतीय रहे। हर्डल रेस में कक्षा चौथी से रुद्रा प्रथम, जयदेव द्वितीय व तेजस तृतीय रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री राजेश जैन जी ने विद्यार्थियों, विद्यालय एवं सभी स्टाफ सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं अनुशासन व लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरणार्थक सिद्ध होती है। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गीता मेहता ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में अनुशासन, ईमानदारी, भावनात्मक संतुलन एवं अवलोकन की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने ग्रैटीट्यूड सॉन्ग द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व प्राचार्या द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया व राष्ट्रगीत के साथ प्रथम दिन का समापन हुआ।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूर्ण हुआ छठ महोत्सव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के तत्वाधान में आज प्रातः 4 बजे हजारों लोगों का जिंदल सरोवर, जिंदल पार्क मिल गेट में पहुंचना शुरू हो गया। समिति के महासचिव मुरलीधर पाण्डेय व कोषाध्यक्ष व आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि उपस्थित लोगों ने सरोवर में खड़े होकर सूर्य भगवान की आराधना की व छठ मैय्या के भैरवी राग में गीत गाए। सूर्य देव के दर्शन होते ही व्रती लोगों ने अर्घ्य देना प्रारंभ किया। आचार्य शिवपूजन मिश्र, चित्रकूट से पधारे आचार्य सुरेश कुमार मिश्र, आचार्य भगवानानंद पाण्डेय अयोध्या, पं. राघवाचार्य वृंदावन, ओमप्रकाश तिवारी प्रयागराज, राकेश मिश्र कांशी ने ने वैदिक मंत्रों द्वारा विधि-विधान से दूध एवं गंगाजल से अर्घ्य दिलवाया। अर्घ्य के बाद व्रतियों ने सूर्य मंत्र से हवन किया गया तथा 11 हजार ज्योतों से आरती की गई। इस अवसर पर पर्वतारोही अनिता कुण्डू अतिथि के रुप में उपस्थित हुई। समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया गया। अनिता कुण्डू ने पूजा-अर्चना की व आरती में भाग लिया। याद रहे कल सायं अस्ताचल गामी सूर्य के अर्ध्य के समय 11 लाख ज्योतों से छठी मैय्या की आरती की गई थी। आचार्य शिवपूजन मिश्र व महासचिव मुरलीधर पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को छठ महापर्व की बधाई देते हुए छठ की प्रकृति से तुलना की व बताया कि सूर्य सबके देवता हैं और प्रत्यक्ष दर्शन देने वाले हैं। छठ व्रत करने से चमत्कारिक फल मिलते हैं। उन्होंने इस सम्बंध में प्रामाणिक उदाहरण भी बताए। समिति के प्रेस सचिव रविन्द्र सिंह ने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के प्रधान विनोद साहनी, कानूनी सलाहकार अर्चना पाण्डेय, विजय कौशिक, अनूप पाण्डेय, अनिल उपाध्याय, डॉ. शंकर भारद्वाज, अंगद भारद्वाज, तारकेश्वर मिश्र, हरीश चंद तिवारी, दिनेश पाण्डेय, डॉ. शंकर, रामगिरी, मुक्तार गिरी, मुखलाल, भिखी आदि भी उपस्थित रहे।

# स्त्री आर्य समाज मंदिर में चतुर्वेद शतकम् पारायण यज्ञ का चतुर्थ दिवस

## प्रातः कालीन वेला में अथर्ववेद के मंत्रों से आहुतियां प्रदान कर यज्ञ की पूर्णाहुति की गई




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** स्त्री आर्य समाज मंदिर डोगरान मौहल्ला हिसार के प्रांगण में चतुर्वेद शतकम् पारायण यज्ञ के चतुर्थ दिवस की प्रातः कालीन वेला में अथर्ववेद के मंत्रों से आहुतियां प्रदान कर यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। इस अवसर पर यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य कर्मवीर व आचार्य विश्वदेव ने सभी आगंतुकों को विज्ञान एवं गृहस्थ धर्म के विषय पर बहुत सुंदर उपदेश दिया। मनुष्य गृहस्थाश्रम में रहकर पारिवारिक कर्तव्यों का निर्वहन करता है व परमात्मा के बताए वेद मार्ग पर चलता हुआ जीवन के उद्देश्य को प्राप्त करता है। पारायण यज्ञ में यजमान के रूप में आदरणीय समस्त राजपाल परिवार, रामकुमार आर्य, सुरेश मदान-ऊषा,प्रेम गाबा, जगन्नाथ चुघ,अवनीश आर्य - अंजना, आचार्य सत्यवान शास्त्री, लालदेव शास्त्री, देवव्रत, सत्येन्द्र रावल सपरिवार, राजवर्मा सपरिवार, इत्यादि आर्य जनों श्रद्धा व समर्पण भाव से आहुतियां दी। स्त्री आर्य समाज की प्रधान सिम्मी काठपाल, राकेश काठपाल, योगिता राजपाल, सत्या गक्खड, सुदेश सरदाना,सीमा मल्होत्रा , गीता चोपड़ा, रेखा गौतम,वीना आर्या, अंजू ठकराल, शिवानी, गीता कांता, आदर्श लाम्बा,सुनीता नाशा एवं समस्त आर्यजनों और माताओं - बहनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# मंदिर बागड़ियान द्वारा 71वां श्रीश्याम जन्मोत्सव 22-23 को

## पहले दिन निकलेगी शोभा यात्रा, दूसरे दिन होगा संकीर्तन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** हरियाणा का सबसे प्राचीन मंदिर, मंदिर बागड़ियान ट्रस्ट, पड़ाव चौक की ओर से 71वां श्रीश्याम जन्मोत्सव 22 व 23 नवम्बर को मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट के प्रधान हनुमान प्रसाद ने बताया कि जन्मोत्सव के पहले दिन सायं 4 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा एवं निशान यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा की विशेषता श्रीश्याम बाबा नये रथ व नये सिंहासन पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे और रथ भक्तों द्वारा खींचा जाएगा। शोभा यात्रा नगर के विभिन्न बाजारों से होते हुए वापिस मंदिर में पहुंचेगी। प्रधान ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन सायं 6 बजे मंदिर प्रांगण में संकीर्तन किया जाएगा जिसमें भजन गायक लविश चुघ, गंगानगर वाले श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

# पिंकी प्रधान ओर रामपाल बने ब्लॉक सचिव

## बहुउदेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के सिसाय ब्लॉक के चुनाव सम्पन्न



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 20 नवम्बर :** गत दिवस ब्लॉक सिसाय में एक अति महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन किया गया ओर जिला कमेटी की देख रेख में बहुउदेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ब्लॉक सिसाय की चुनावी प्रक्रिया को पुरा करवाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल गोयत ओर संचालन जिला सचिव प्रताप और ज़िला उपप्रधान विकास संदलना ने किया। जिला प्रधान अनिल गोयत और प्रेस सचिव मनदीप राठी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया की बहुउदेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ब्लॉक सिसाय की त्रिवार्षिक ब्लॉक कार्यकारणी का चुनाव करवाया गया। सर्वप्रथम नानुराम द्वारा वर्तमान ब्लॉक कार्यकारणी द्वारा तीन साल की उपलब्धिया रखी गयी ओर पुष्पेंद्र द्वारा वित्तिय लेखा जोखा रखा गया। इसके बाद प्रधान नानुराम द्वारा वर्तमान कार्यकारणी को भंग करके नयी कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पिंकी एमपीएचडब्लू को ब्लॉक प्रधान, रामराज को उप प्रधान, रामपाल सिंह को ब्लॉक सचिव, पुष्पेन्द्र को ब्लॉक कैशियर, फूल कुमार को प्रेस सचिव, महताब गिल को मुख्य सलाहकार, नानू राम को ऑडिटर, पूनम को सह सचिव, अजित गौतम को प्रचार सचिव बनाया गया। नवनियुक्त ब्लॉक प्रधान पिंकी ओर सचिव रामपाल ने बताया की वो पूरी इमानदारी ओर निष्ठा से संगठन मे भागीदारी करेंगे ओर तन मन धन से कर्मचारियों के लिये काम करेंगे। इस दौरान ज़िला कमेटी के साथ सोरखी ब्लॉक प्रधान अनिल यादव और प्रवीण के साथ साथ ब्लॉक के सभी कर्मचारी मौजद रहे।

# भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा ने मनाई रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

## रानी लक्ष्मीबाई चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा ने रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर महारानी लक्ष्मीबाई चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों की अधीनता स्वीकार करने की बजाय उनके खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाया और 1857 की क्रांति की ज्वाला बनीं। उन्होंने बड़ी ही वीरता के साथ अंग्रेजों का मुकाबला किया। बेहद कम उम्र में महिला होते हुए भी नारी शक्ति का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया कि आज भी उनकी वीरता एक मिसाल है। घोड़े पर अपनी पीठ पर अपने पुत्र को बांधे हुए एक हाथ में तलवार और एक हाथ में घोड़े की लगाम थामे रानी लक्ष्मीबाई ने अंतिम सांस तक अंग्रेजों के साथ लोहा लिया। उनकी अद्वितीय वीरता और अदम्य साहस के चलते उनके नाम के साथ 'मर्दानी' जुड़ गया 'खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी'। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती पर भारत मां की उस वीरांगना पुत्री को हृदय से नमन करते हैं। देश उनका सदा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर सचिव संजीव गोयल, प्रकल्प प्रमुख अशोक शर्मा, सीता राम मंगल, सुमित मित्तल, ललित बंसल, राकेश गुप्ता पंकज, सुनील मित्तल, राज कुमार, पवन बंसल व अन्य कई सदस्य मौजूद रहे।

# भाविप की भारत जानो प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह स्कूल के विद्यार्थियों ने पाया द्वितीय स्थान




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 20 नवम्बर :** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन आदमपुर मंडी में किया गया। इस प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह हाई स्कूल हांसी के आदित्य और महेश की टीम ने सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक राम अवतार सिंह ने विद्यार्थियों के स्कूल पहुंचने पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया और सभी अध्यापकगण व अभिभावकगण को बधाई दी।

# HiDM सेमिनार फेस्ट 2023 : एआई टूल्स डिजिटल मार्केटर के कार्यों को सुव्यवस्थित करने में मदद करते हैं : जतिन सलूजा





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 20 नवम्बर :** HiDM का डिजिटल मार्केटिंग सेमिनार फेस्ट 2023 का तीसरा चरण शुरू हो गया है। हर साल, HiDM सेमिनार फेस्ट छात्रों द्वारा आयोजित किया जाता है। इस फेस्ट में, डिजिटल मार्केटिंग सीख रहे छात्र भारत के सर्वश्रेष्ठ डिजिटल मार्केटिंग पेशेवरों में से एक, मनमोहन सिंगला के मार्गदर्शन में डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न विषयों पर सेमिनार प्रस्तुत करते हैं।. डिजिटल मार्केटर्स के लिए शीर्ष एआई टूल्स पर सेमिनार जतिन सलूजा (HiDM छात्र) द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने डिजिटल मार्केटिंग में एआई टूल्स के महत्व के बारे में जानकारी दी और डिजिटल मार्केटर्स के लिए आवश्यक कुछ एआई टूल्स के बारे में बताया। एआई टूल की मदद से डिजिटल मार्केटर्स आसानी से अपने काम को सुव्यवस्थित कर सकते हैं। एआई की शक्ति से, मार्केटर्स डेटा एकत्र और विश्लेषण कर सकते हैं, साथ ही दर्शकों के व्यवहार और आर्थिक रुझानों का निरीक्षण कर सकते हैं। अंत में, एक संक्षिप्त प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें छात्रों ने अपने संदेह पूछे और मेजबान जतिन ने उनका समाधान किया। HiDM का डिजिटल मार्केटिंग सेमिनार फेस्ट डिजिटल मार्केटिंग छात्रों के लिए डिजिटल मार्केटिंग से परे कुछ नया सीखने का एक अवसर है। मेंटर और डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनर Er. मनमोहन सिंगला भारत के सर्वश्रेष्ठ डिजिटल मार्केटिंग पेशेवरों में से एक हैं, जो छात्रों को न केवल डिजिटल दुनिया के लिए बल्कि कॉर्पोरेट दुनिया में अपना नाम अपना नाम बना सके इसके लिए भी तैयार करते हैं।
















प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।